पुदुचेरी में NeVA डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च

[स्रोत: पीआईबी]

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री ने पुदुचेरी विधानसभा के लिये राष्ट्रीय **ई-विधान एप्लिकेशन (NeVA) प्लेटफॉर्म** का उद्घाटन किया।

NeVA प्लेटफार्म

- **परिचय:** NeVA एक **वर्कफ्लो-आधारित** (कार्य-प्रवाह पर आधारित) **डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे "वन नेशन, वन एप्लीकेशन" पहल** के तहत **कागज़ रहित, कुशल एवं पारदर्शी** तरीके से विधायी कार्यप्रणाली को डिजिटल बनाने के लिये लॉन्च किया गया है।
  - इसे **संसदीय कार्य मंत्रालय** द्वारा **100% केंद्रीय सहायता** के माध्यम से **वित्तपोषित** किया जाता है, जिसे **NIC क्लाउड-मेघराज** पर होस्ट किया गया।
  - **नगालैंड** वर्ष 2022 में NeVA लागू करने वाला पहला राज्य था।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **डिवाइस-तटस्थ (Device-neutral), सदस्य-केंद्रित (member-centric)** प्लेटफॉर्म, जो टैबलेट और हैंडहेल्ड डिवाइस के माध्यम से सुलभ है।
  - **नियमों, सूचनाओं/नोटिसों, बिज़नेस लिस्ट्स/कार्यसूचियों, बिलों/विधेयकों, बुलेटिनों, प्रश्नों, रिपोर्टों** आदि तक वास्तविक समय (रियल-टाइम) पर पहुँच प्रदान करता है।
  - विधायकों के लिये प्रश्न और सूचनाएँ प्रस्तुत करने हेतु यह एक सुरक्षित पोर्टल है।
  - **पारदर्शिता बढ़ाने और नागरिकों की पहुँच सुनिश्चित करने के लिये यह लाइव-स्ट्रीमिंग सुविधा प्रदान करता है।**
  - सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के विधायी डेटा का **एकल डिजिटल भंडार (Unified digital repository)**, जो अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स की आवश्यकता को समाप्त करता है।
  - **mNeVA मोबाइल ऐप** (एंड्रॉइड/iOS) **विधायी डेटा तक 24x7 पहुँच प्रदान करता है।**
- **महत्त्व:** इस पहल से **प्रतिवर्ष 3-5 टन कागज़ की बचत होगी, जिससे डिजिटल इंडिया, गो ग्रीन और सुशासन को** बढ़ावा मिलेगा तथा यह **संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्यों** (SDG) **के अनुरूप भी है।**

और पढ़ें: [डिजिटल इंडिया पहल के नौ वर्ष]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/neva-digital-platform-launched-in-puducherry